दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 116 मुरादाबाद, 14 August 2023 (Monday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी ने प्रोफाइल पिक्चर पर लगाई तिरंगे की तस्वीर, सभी से की यह अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर बदल कर राष्ट्र ध्वज %तिरंगे% की तस्वीर लगा दी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की प्रोफाइल पिक्चर बदल कर राष्ट्र ध्वज तिरंगे की तस्वीर लगा दी है। उन्होंने देश के लोगों से भी तिरंगा महोत्सव मनाने के लिए एक आंदोलन के रूप में ऐसा ही करने की अपील की है। पीएम मोदी ने रविवार को हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनने की अपील की। कहा कि आइए हम अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल बदलें और इस अनूठे प्रयास को समर्थन दें। जो हमारे प्यारे देश और हमारे बीच के बंधन को गहरा करेगा।

गृहमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में हर घर तिरंगा अभियान को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान पीएम मोदी ने पूरे देश में देशभक्ति की भावना पैदा करने की कोशिश की। 15 अगस्त 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव का समापन होगा। शाह ने कहा कि आजादी के 75 साल से लेकर 100 साल तक हम भारत को हर क्षेत्र में महान बनाने के लिए जिएंगे।

क्या है हर घर तिरंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर 22 जुलाई को हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था।

भारतीय ध्वज एकता का प्रतीक

वहीं, पीएम ने लोगों से इस साल 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा आंदोलन में हिस्सा लेने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि भारतीय ध्वज स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतीक है। उन्होंने भारतीयों से हर घर तिरंगा वेबसाइट https://harghartiranga.com पर अपनी तस्वीरें अपलोड करने का भी आग्रह किया।

हर घर तिरंगा बाइक रैली निकाली

इससे पहले शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिल्ली के प्रगति मैदान से हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, अनुराग ठाकुर और शोभा करंदलाजे भी मौजूद रहे।

15 तक मनेगा हर घर तिरंगा

बता दें, आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 13 से 15 अगस्त तक पूरे देश में हर घर तिरंगा मनाया जाएगा। इसमें लोगों को अपने-अपने घरों पर झंडे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अभियान की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने और बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आज से सांसदों और मंत्रियों के साथ एक तिरंगा बाइक रैली आयोजित की जा रही है। यह बाइक रैली इंडिया गेट सर्किल पर पहुंचेगी। इसके बाद रैली इंडिया गेट परिसर से होते हुए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में समाप्त होगी।

अखिलेश का योगी सरकार पर हमला, कहा- भाजपाई राजनीति के लिए बुलडोजर जरूरी, जनता के लिए एंबुलेंस नहीं

लखनऊ में राजभवन के सामने आज सड़क पर एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया। जन्म के कुछ देर बाद इलाज न मिलने के चलते बच्चे की मौत हो गई। एंबुलेंस को कई बार कॉल की गई लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा जो भी जिम्मेदार है उसपर कार्रवाई की जाएगी। राजधानी में एंबुलेंस के 30 मिनट बाद भी न पहुंचने पर अस्पताल जा रही गर्भवती महिला के राज भवन के गेट नंबर 13 के सामने बच्चे को जन्म देने के मामले में समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार को घेरा। प्रमुख सचिव को इस मामले की जांच सौंपी गई है

घटना के बाद डिप्टी सीएम ने दिए जांच के आदेश

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक अपनी गाड़ी पर बैठा कर पीड़ित पिता को लेकर नवजात के भ्रूण के शव को दफन करवाने गए। बृजेश पाठक ने कहा कि पीड़ित की हर संभव मदद की जा रही है। वीरांगना झलकारी बाई महिला चिकित्सालय में महिला को भर्ती कराया गया है इलाज चल रहा है और महिला स्वस्थ है। उन्होंने कहा पूरे मामले में जो भी दोषी पाए जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

अखिलेश ने कहा बुलडोजर जरूरी एंबुलेंस नहीं

अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमलावर होते हुए प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर ट्वीट कर कहा कि एक तो उप्र की राजधानी लखनऊ, उस पर राजभवन के सामने फिर भी एंबुलेंस के न पहुंचने की वजह से एक गर्भवती महिला को सड़क पर शिशु को जन्म देना पड़ा। मुख्यमंत्री जी इस पर कुछ बोलना चाहेंगे या कहेंगे 'हमारी भाजपाई राजनीति के लिए बुलडोजर जरूरी है, जनता के लिए एंबुलेंस नहीं।'

शिवपाल यादव ने कहा- ये है सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था की असल हकीकत

शिवपाल यादव ने ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था अपने लाख विज्ञापनों व दावों के बावजूद वेंटिलेटर पर है। एम्बुलेंस न मिलने पर रिक्शे से अस्पताल जा रही गर्भवती महिला को राज भवन के पास सड़क पर प्रसव के लिए मजबूर होना पड़े तो यह पूरी व्यवस्था के लिए शर्मनाक व सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था की असल हकीकत है।

क्या है पूरा मामला

लखनऊ में राज भवन के गेट नंबर 13 के सामने आज दोपहर एक गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया। पति जब तक महिला और बच्चे को लेकर हॉस्पिटल पहुंचा तबतक बच्चे की मौत हो गई।

बता दें कि पति गर्भवती महिला को रिक्शे पर लेकर अस्पताल जा रहा था। तभी महिला तबियत बिगड़ने पर बेसुध हो गई। रिक्शे उतर कर सड़क पर बैठाया और एंबुलेंस को काल की गई। महिला सड़क पर तड़प रही थी एंबुलेंस को सूचना दी गई लेकिन 30 मिनट के बाद भी कोई एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस पर वहां मौजूद महिलाओं ने साड़ी का घेरा बनाया उसके बाद महिला ने बच्चें को जन्म दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चें ने दम तोड़ दिया। वहीं महिला झलकारी बाई अस्पताल में एडमिट है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

'देश के लिए जीने से हमें कोई नहीं रोक सकता', शाह ने विपक्ष को बताया- 'पुरानी बोतल में पुरानी शराब'

गृहमंत्री ने कहा कि यूपीए और कांग्रेस ऐसे नेताओं का समूह है, जो 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल हैं। अब उन्होंने अपना नाम बदल लिया है लेकिन आप उसे यूपीए कह सकते हैं...इन्हें वोट कौन देगा, जो 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल हैं?केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि %विपक्ष ऐसा है जैसे पुरानी बोतल में पुरानी शराब। गृहमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल हैं। अमित शाह ने कहा कि विपक्षी कांग्रेस के शासन में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हमारी अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर आ गई है।%

12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपी

बता दें कि अमित शाह रविवार को एनएसजी के क्षेत्रीय केंद्र का शिलान्यास करने गुजरात के गांधीनगर के मानसा पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि यूपीए और कांग्रेस ऐसे नेताओं का समूह है, जो 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल हैं। अब उन्होंने अपना नाम बदल लिया है लेकिन आप उसे यूपीए कह सकते हैं...इन्हें वोट कौन देगा, जो 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल हैं?

हमें देश के लिए जीने से कोई नहीं रोक सकता

अमित शाह ने कहा कि आपने सुना होगा कि नई बोतल में पुरानी शराब लेकिन यहां बोतल भी पुरानी है और शराब भी पुरानी है। इनके बहकावे में मत आना। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में वापसी करेगी। शाह ने कहा कि कई लोगों ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और वह देश के लिए बलिदान हुए। हमें देश के लिए बलिदान देने की जरूरत नहीं है लेकिन कोई भी हमें देश के लिए जीने से नहीं रोक सकता।

बच्चों को सिखाएं देशभक्ति

शाह ने कहा कि हम लोग प्रण लें कि कम से कम पांच बच्चों को देशभक्ति की भावना से पालेंगे, जो अपना जीवन देश के लिए समर्पित करें, और इसकी शुरुआत अपने घर से करें। बच्चों को अपनी भाषा, साहित्य, संस्कृति, गांव, राज्य और देश के लिए जीना सीखाएं। शाह ने कहा कि वह किसी भाषा के खिलाफ नहीं है लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम गुजराती भाषा को जिंदा रखें। अमित शाह ने कहा कि भारत ने हजारों सालों तक दुनिया को राह दिखाई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह ऐसा भारत बनाएं जो अर्थव्यवस्था, शिक्षा, अंतरिक्ष, सुरक्षा सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर हो।

'हम कहते आदिवासी, दूसरा पक्ष कहता वनवासी', वायनाड में राहुल गांधी ने BJP पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने कहा कि हमारे आदिवासी भाई-बहन इस देश के मूल मालिक थे और इसका तात्पर्य यह भी है कि इस देश के मूल मालिकों को जमीन, जंगल पर अधिकार दिया जाना चाहिए और जो वे चाहते हैं उन्हें करने की अनुमति दी जानी चाहिए।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में रविवार को आदिवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपको प्रतिबंधित और वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। पूरी दुनिया आपके लिए खुली होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम कहते हैं आदिवासी और दूसरा पक्ष कहता है वनवासी और वनवासी शब्द के पीछे एक विकृत तर्क है।

प्रतिबंधित और वर्गीकृत नहीं करें

राहुल गांधी ने कहा कि हमारे आदिवासी भाई-बहन इस देश के मूल मालिक थे और इसका तात्पर्य यह भी है कि इस देश के मूल मालिकों को जमीन, जंगल पर अधिकार दिया जाना चाहिए और जो वे चाहते हैं उन्हें करने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आपको प्रतिबंधित और वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। पूरा दुनिया आपके लिए खुली होनी चाहिए।

सरकार कहती वनवासी

उन्होंने कहा कि हम कहते हैं आदिवासी और दूसरा पक्ष कहता है वनवासी। वनवासी शब्द के पीछे एक विकृत तर्क है। वनवासी शब्द इस बात से इनकार करता है कि आप भारत के मूल मालिक हैं और यह आपको जंगल तक ही सीमित रखता है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि वनवासी शब्द के पीछे भावना यह है कि आप जंगल में हैं और आपको कभी जंगल नहीं छोड़ना चाहिए और यह हमें कतई स्वीकार्य नहीं है। हम इस शब्द को स्वीकार नहीं करते हैं।

शनिवार को पहुंचे राहुल

बता दें, कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड पहुंचे हैं। हाल ही में लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद कांग्रेस नेता का ये पहला वायनाड दौरा है। राहुल गांधी के दौरे को लेकर कांग्रेस की केरल यूनिट में उत्साह है।

सरनेम मामले में मिली थी सजा

गौरतलब है, मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट से सजा पर रोक के बाद सोमवार को राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी गई थी, जिसके बाद एक बार फिर वह संसद पहुंचे थे। उन्होंने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया था और मणिपुर पर केंद्र को घेरा था। मोदी सरनेम मामले में सूरत की सीजेएम कोर्ट ने इसी साल 23 मार्च को राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके चलते उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। करीब चार महीने से ज्यादा समय के बाद बीती 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने का आदेश दिया था।

संपादकीय Editorial

Political hoarding in parliament

This mistrust definitely exposed the language of the Parliament and the dignity of the House in front of the public. Which we used to make India famous by calling it the temple of democracy, whereas the no-confidence motion has somewhat lowered its level and summary. In the history of parliamentary debate, the government side can make a sound of hitting fours and sixes of cricket or congratulate the slogans which the Prime Minister himself kept calling. There have been so many moments of political hatred within the Parliament that if the country wants to drown in terms of character or morality, it can drown peacefully. Was it a national staging or a national churning, where the nation's woes sewed up its cover or the debate was looking for a Draupadi in the court. There used to be muggles, there were also bonds, but no one could be proved innocent. Till now Manipur was sobbing somewhere in Manipur, but the country saw it crying under the roof of democracy, so it was their fault as well. Who saw there that every voter's cheeks have turned red due to the price of tomatoes outside. Who noticed there that generations became unemployed due to the crime of studying in the country. We neither wanted to see nor hear that the words become shameless and the references shameless in the glory of our leadership. By the way, what election should be considered as the biggest context of the country and if it is so, then definitely the ruling party won there. There it became Munadi and hoarding of politics also kept showing us the scenes of elections in front of our eyes, amidst the tearing apart of democracy. We came to know that the biggest need of the country is elections and it has also been proved that now the government is the only election. Whenever the government speaks, the election speaks. After all, which election should be accepted as true. The one that increases the illusions of voters like us or teaches us to live in illusions. Let us become a spider for the Parliament or have abominable patience in the cobweb of parliamentary debate. What can we Indians do, here India is coming in someone's share and 'India' is seen troubled. The eyes with which we saw freedom, today even the country is not able to understand that even if we get rid of it in the election, from whom. Those who are here, will be there tomorrow, and those who will be there, there is an arrangement to be called holy. After all, till when will we see the dustbin of the past being used in the defense of the Parliament and when will we keep watching repeat telecast of the same speech and the same issue. The no-confidence motion became a round-the-clock and someone in the Parliament got busy shopping for one hundred and forty crore people of the country. There, neither the side nor the opposition, but the country's democratic traditions were being sold in the debate. The media also kept watching in this purchase whether its 'owner' won by buying a lot. If this victory is considered happy by the media, then the knees of this pillar of democracy have been broken and the spine has been bought by loyalty. After all, if the general public does not like the antitrust film of the Parliament, then they should consider this complaint as their fate, The country are not visible in the hope of getting better from it. Will the big questions and topics from the Parliament now come on the road and if this happens, then the opinion of the public will tell who has faith and who has disbelief.

Team India got another star in the form of Tilak

Like many players of Team India, Tilak Verma also comes from a very simple family. His full name is Namburi Thakur Tilak Verma. Nagaraju Verma, the father of this budding player from Hyderabad, is an electrician and mother is a homemaker. Suryakumar Yadav was the hero of the victory in the decisive third T20 match against the West Indies in Providence, but the player who is being talked about the most is Tilak Verma. Tilak Verma anchored India's victory, returning unbeaten on 49 with 13 balls to spare. If captain Hardik Pandya had not hit a six, Tilak Verma could have completed his second consecutive half-century. Tilak Verma, only 20 years and 10 months old, has left his mark in the international T20. He has been included in Team India in the current West Indies tour itself. His performance in all the three matches so far has been good. He is batting at a strike rate of 139. Tilak Verma has a long career ahead of him and going by his talent, it looks like he will cement his place in Team India. Like many players of Team India, Tilak Verma also comes from a very simple family. His full name is Namburi Thakur Tilak Verma. Nagaraju Verma, the father of this budding player from Hyderabad, is an electrician and mother is a homemaker. When Tilak was 11 years old, his coach Salim Bayash saw him playing cricket with a tennis ball. Salim recognized Tilak's talent. Salim used to bring Tilak to his academy by traveling 40 kilometers on a scooter. Soon this young player started proving his talent. He made his Ranji Trophy debut for Hyderabad in December 2018. Scored 215 runs in seven matches at a strike rate of 147.26. In February 2019, Tilak made his T20I debut for Hyderabad in the Syed Mushtaq Ali Trophy. Tilak made his Vijay Hazare Trophy debut in September 2019 and not only scored 180 runs in five matches but also took 4 wickets. In the year 2020, he was included in Team India in the Under-19 Cricket World Cup. However, his performance here was not very good and could only score 86 runs in 6 matches. In the year 2022, Tilak Verma got a chance to play in the Indian Premier League (IPL). Mumbai Indians bought him for Rs 1.70 crore. So far he has scored 740 runs in 25 IPL matches and his strike rate is 144.53. Tilak's highest score in IPL is 84 not out and he has also scored three half-centuries. Tilak Verma is an all-rounder and knows how to hit sixes very well. He is a left-handed batsman, while offbreak bowling with the right hand. However, till now he has not got much chance of bowling. India were trailing 2-0 in the five-match T20I series with the West Indies. The third match in Providence turned out to be very decisive. If India had lost this match, they would have lost the series as well. When India suffered two early blows in the form of Yashasvi Jaiswal and Shubman Gill and Suryakumar Yadav was the new batsman on the pitch, Tilak Verma held the pitch. Tilak added 87 runs for the third wicket with Suryakumar. When Tilak was standing at the mouth of his half-century, captain Hardik Pandya won the match by hitting a six. Hardik Pandya is also being trolled on social media for his six, because if Hardik wanted, Tilak Verma could have completed the half century. And cricket is not an individual game but a team game. Middle-order batsman Tilak Verma has a long career ahead of him and is yet to score many centuries. By the way, in the upcoming World Cup, the Board of Control for Cricket in India (BCCI) should give Tilak a chance and place him in the last 16 players. Surely this talented player will not disappoint cricket lovers.

Will the prices of wheat and rice stop?

In view of the ever-increasing prices of major food grains wheat and rice in the country, the Ministry of Consumer Affairs has decided to sell 50 lakh metric tonnes of wheat and 25 lakh metric tonnes of rice through e-auction in the open market through the Food Corporation of India. In view of the ever-increasing prices of major food grains wheat and rice, the Union Ministry of Consumer Affairs has decided to sell 50 lakh metric tonnes of wheat and 25 lakh metric tonnes of rice through e-auction in the open market through the Food Corporation of India. But in this too it has been decided that the basic auction price of both the grains will be reduced by Rs 200 per quintal so that the wholesale traders can lift them.

Even in the month of last June, the government had sold wheat and rice through auction, but the traders were not very enthusiastic to buy them. This time the base auction bid will be Rs 2900 a quintal for wheat and Rs 3100 a quintal for rice, which will be Rs 200 less than the bids of the month of June. These grains were auctioned seven times between June 28 and August 9, but only 8.2 lakh metric tonnes of wheat and 1995 metric tonnes of rice were sold and there was no difference in the retail prices in the market and they continued to increase. Was. If we compare, the price of both the grains has increased by 13 percent in the retail market as compared to last year. In fact, inflation remains a problem in our country as well.

Especially the prices of food items are increasing rapidly, due to which the life of the common man is becoming difficult. The skyrocketing increase in the prices of vegetables shows that the common man is finding it difficult to manage his household expenses with his limited income.

Along with this, the education of his children has also become more expensive with the new academic session. Even the prices of children's copy-books have increased a lot. But the saddest thing is that flour, rice and pulses, which fill the stomach of the common man, are also being sold at high prices. If the average is applied, then due to lack of increase in income, the entire earning of the common man has now increased one and a half times on his food items only. This effort is definitely being made by the government that inflation should not increase much. But we are also seeing less offtake of non-consumer goods in the markets, due to which industrial production is also affected. India's economy has definitely come to a standstill after the Corona period, but the uptick in it has not been as expected, due to which the gross growth rate will be affected. Still looking at the world wide inflation cycle the situation in India is said to be under control. It is expected that the growth rate will be satisfactory in the current financial year. Reserve Bank Governor Shri Shakti Kant Das has decided not to increase bank interest rates in the quarterly monetary policy because it seems that the economy may pick up in the current year. But on the front of food grains, when the government is continuously making efforts to increase the supply in the market and despite that the prices are increasing, then there is a need to worry. India is now a part of a completely market-oriented economy and according to its rule, when the supply of goods increases, the prices should come down. But this is not happening. What could be the reason for this? It seems that such a profiteering lobby has become active in the field of food items, which is engaged in filling its own pockets. The biggest example of this is tomato, which is being sold at Rs 200 to Rs 300 per kg in different markets of India, while the government decided to sell it at Rs 70 per kg from government centers under the market intervention marketing policy. Despite this, the prices of tomatoes are not coming down. Although there is some softening in the prices of edible oil now, but the poor man's edible mustard oil is still considered far from his reach. Market oriented economy has its own advantages and disadvantages. It all depends on the market forces. But we have not yet completely left agriculture to the market forces, due to which the government godowns are filled with grains. In the case of rice, India is the world's largest exporter and in view of its shortage in the world markets, India will have to compensate for its old export deals. However, now a ban has also been imposed on the export of some varieties of rice. Along with this, the prices of raw materials like seeds, fertilizers, etc., which are used in agricultural production, have also increased, while the government is not able to purchase the entire produce of the farmers at the minimum support price. Because of which, when a farmer who sells his produce at a quarter to a quarter price on the occasion of harvest, himself stands in the market as a consumer, then the high prices break his spirits. This is also the negative aspect of market oriented economy. Still, the rate of inflation in India is said to be relatively under control compared to the world inflation rate, but on the currency front, the dollar is continuously becoming costlier and the rupee cheaper. It also affects our economy. Overall, the situation at least creates problems. It is satisfactory that the Reserve Bank is alert in this direction and is taking timely decisions.

नौनिहाल की सुरक्षा से खिलवाड़ , जिम्मेदार अनजान

प्राथमिक विद्यालयों से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन, 50 से भी ज्यादा विद्यालयों के बच्चे लाइन के नीचे पढ़ रहे

मुरादाबाद- जिले के 50 से भी ज्यादा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों के बच्चे जान जोखिम में डालकर हाईटेंशन लाइन के नीचे पढ़ रहे हैं। स्कूलों में हाईटेंशन लाइन छत या परिसर से होकर गुजर रही है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इससे अनजान हैं। प्रदेश सरकार भले ही प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति को सुधारने के लाख दावे कर रही हो। मगर धरातल पर स्थितियां किसी से छुपी नहीं हैं। स्कूलों में शिक्षकों और सुविधाओं का अभाव आम बात हो गई है। मगर इससे भी ज्यादा खतरनाक स्थिति बच्चों की सुरक्षा को लेकर है। जिले के 50 से भी ज्यादा बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की छत और परिसर से हाईटेंशन लाइन गुजर रहीं है। अभी तक इसे लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है। भगतपुर, बिलारी, छजलैट, डिलारी, कुंदरकी, मुरादाबाद, मूंढापांडे समेत ठाकुरद्वारा ब्लाक के स्कूलों में हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इनमें मोहम्मदपुर ध्यान सिंह, जेबड़ा, फत्तेहपुर विश्नोई, मलहपुर खय्या समेत अन्य गांवों के प्राथमिक विद्यालय भी शामिल हैं। ऐसा भी नहीं कि अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है। मगर फिर इसे गंभीरता से नहीं लिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि इन स्कूलों के ऊपर से निर्माण के समय से ही हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इसके लिए बिजली विभाग को पत्र लिखकर बदलाव की मांग की गई है।

शिक्षकों को मिलेंगे टैबलेट

मुरादाबाद। बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित स्कूलों में शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए जाएंगे। जिसके लिए विभाग ने तैयारी पूरी कर ली हैं। जिले में 1401 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें करीब 2.40 लाख बच्चों का पंजीकरण है। जिन्हें पढ़ाने के लिए करीब 5,500 शिक्षक तैनात हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग ने डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में जल्द बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित स्कूलों में पढ़ाने वालों शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

खुले बेसिक और माध्यमिक स्कूल

मुरादाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश भर में चल रहे हर घर तिरंगा व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के कारण रविवार को बेसिक और माध्यमिक स्कूल खुले। बच्चों के लिए दिन में विशेष मध्यान्ह भोजन का प्रबंध किया गया। बेसिक व माध्यमिक के विद्यालयों में आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 9 से 15 अगस्त के बीच चल रहे कार्यक्रमों में 13 अगस्त को भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। जिसे देखते हुए महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने रविवार को स्कूल खोलने के निर्देश दिए। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने रविवार को बच्चों को एमडीएन के रूप में विशेष भोजन खिलाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें शिक्षक अपने स्तर से हलवा, खीर आदि विशेष भोजन का वितरण कर सकते हैं।

महिला शरणालय की तीन महिलाओं को दो साल बाद मिला परिवार, परिजनों से मिलकर भर आईं आंखें

अधिकारियों ने मिठाई खिलाकर किया विदा, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लखनऊ का रहा सहयोग

मुरादाबाद- महिला शरणालय में आश्रय लिए तीन महिलाओं को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) लखनऊ कार्यालय की मदद से उनका परिवार मिला गया। तीनों महिलाएं दो साल से महिला शरणालय में रह रहीं थी। इनमें दो दिमागी हालत से कमजोर महिलाओं में एक के साथ ढाई साल का बच्ची भी थी। महिलाओं के परिजनों से संपर्क कर विभाग ने उनके परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। महिला शरणालय प्रभारी ने प्रेरणा सिंह ने बताया कि महिला शरणालय में आठ महिलाएं रह रही हैं। जिनमें तीन महिलाओं के बारे में सरकार द्वारा संचालित भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा इनके आधार कार्ड की खोज की गई। जिनमें 9 अगस्त को बोल न पाने वाली अमिर फात्मा की रामपुर निवासी मां बिलकिस से संपर्क किया

और उन्हें बताया कि उनकी 40 वर्षीय बेटी महिला शरणालय में है। इसी क्रम में 10 अगस्त को 2021 से महिला शरणालय में रह रही वेस्ट बंगाल निवासी दिमागी हालत से कमजोर 24 वर्षीय रूबी फात्मा के पति फिरोज खान से संपर्क कर उन्हें उनकी पत्नी के बारे में जानकारी दी गई। वहीं बरेली के गांव बरोरा की रहने वाली दिमागी हालत से कमजोर सीमा देवी दो वर्ष पहले अपने ढाई के बच्चे के साथ पाकबड़ा क्षेत्र में मिली थी। जिसे एसडीएम सदर ने महिला शरणालय में भिजवाया था। इनके भी पति संजीव कुमार को फोन कर शुक्रवार की शाम को जिला महिला कल्याण अधिकारी के कार्यालय बुलाया। तीनों महिलाओं को पूर्व जिला महिला कल्याण अधिकारी राजेश गुप्ता और मौजूदा जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी व महिला शरणालय प्रभारी ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इतने दिनों बाद मिलकर परिजनों की आंखें भर आईं। महिला शरणालय अधिकारी ने परिजनों को मिठाई खिलाकर विदा किया।

हिजबुल आतंकी अहमद रजा के घर से बरामद हुई यूएसए मेड पिस्टल

एटीएस ने आतंकी के सामने पूरे घर की तलाशी, गांव में और बढ़ी खामोशी

मुरादाबाद- आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस-एंटी टेररिस्ट स्क्वायड) ने हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े अहमद रजा के घर से यूएसए मेड ऑटोमेटिक पिस्टल, मैग्जीन और छह कारतूस बरामद किए हैं। एटीएस अहमद रजा को लेकर उसके गांव मिलक गुलड़िया लेकर आई थी। घर में करीब घंटे पर छानबीन भी की, जहां से उसकी निशानदेही पर ही एटीएस को पिस्टल, मैग्जीन व कारतूस कब्जे में लिया। कार्रवाई के दौरान उसकी घर में किसी सदस्य से कोई बात नहीं हुई। उसकी मां गड्डो व बहनें सभी उसकी ओर देखकर मुंह फेर ले रही थीं। एटीएस ने अहमद रजा उर्फ शाहरुख उर्फ मोहिउद्दीन को 3 अगस्त को सहारनपुर से दबोचने का दावा किया था। लंबी पूछताछ के बाद एटीएस के अधिकारी अहमद रजा को उसके गांव लेकर आई थी। विदेशी ऑटोमेटिक पिस्टल, मैग्जीन व कारतूस मिलने पर एटीएस ने पूर्व में दर्ज कराए गए केस में आर्म्स एक्ट की धारा की वृद्धि कराई है। अहमद रजा अभी पुलिस कस्टडी रिमांड पर है। पिस्टल बरामद होने की खबर पर गांव वाले भी हैरत में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी कुछ दिन पहले अहमद रजा को एटीएस ने करनपुर से उठाया था लेकिन, वह लोग इतना नहीं जानते थे जितनी सच्चाई सामने आ रही है। फिलहाल, फिर एटीएस के गांव आने और बड़ी बरामदगी के बाद से गांव में कानाफूसी बढ़ गई है। लेकिन, कोई भी ग्रामीण इस मामले में कुछ बताने को तैयार नहीं है। प्रधान फरीदन के बेटे सनब्बर अली ने गांव में एटीएस के आने की जानकारी न होने की बात कह दी। कहा, इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही उन्हें किसी गांव वाले ने कुछ बताया। यहां तक कि अहमद रजा को लेकर एटीएस के दोबारा उसके घर आने तक के बारे में मूंढापांडे थाना पुलिस को भी जानकारी न होने की बात दरोगा उत्तम मलिक कह रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर बड़ी आतंकी घटना की तैयारी में था अहमद

एटीएस ने दावा किया है कि अभियुक्त अहमद रजा से पूछताछ में पता चला है कि हिजबुल मुजाहिदीन के पोस्टर ब्वाय बुरहान वानी व जाकिर मूसा से वह प्रेरित है और उनको अपना आदर्श मानता है। इसके मोबाइल से वीडियो, फोटो और व्हाट्सएप एवं फेसबुक मैसेंजर चैट भी एटीएस को मिली हैं। व्हाट्सएप एवं फेसबुक चैट्स में पाया गया है कि अभियुक्त अहमद रजा पाकिस्तानी व अफगानी आतंकियों के संपर्क में था और उनसे हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहा था। अहमद रजा तालिबानी सेना की स्पेशल फोर्स बदरी 313 कमांडों शाखा में शामिल होना चाहता था। अहमद रजा के मोबाइल में मुजाहिदीनों के लिए हथियारों की व्यवस्था करने की चैट व फोटो मिली हैं। अहमद रजा जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तानी आतंकवादी वलीद के संपर्क में था। इसी के कहने पर उसने ऑटोमैटिक पिस्टल खरीदी। फिरदौस ने अहमद रजा को कश्मीर बुलाकर अनंतनाग की पहाड़ियों में आतंकवादी बनने की ट्रेनिंग दी थी। अहमद रजा अपने साथी से मिलकर आगामी स्वतंत्रता दिवस पर बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में था।

अनुज हत्याकांड : हमलावरों के करीब पहुंची पुलिस, मिले साक्ष्य अहम...गिरफ्तारी बाकी

मुरादाबाद- भाजपा नेता अनुज हत्याकांड में पुलिस टीमें हमलावरों के करीब तक पहुंच गई हैं। अनुज को किसने मारा, कैसे प्लानिंग बनी आदि बिंदुओं के बारे में पुलिस ने जवाब खोज निकाला है। बरेली जेल में निरुद्ध मोहित चौधरी से पुलिस की पूछताछ में काफी कुछ सुराग हाथ लगे होने बात कही जा रही है। घटना के बाद से दर्जनों से अधिक संदिग्धों को उठाकर पुलिस ने लंबी पूछताछ की है। इस दौरान पुलिस ने अनुज से जुड़े लगभग हर दुश्मन तक पहुंचने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि दो दिसंबर 2020 में हाईवे पर हुए गोलीकांड में मोहित चौधरी पर सरेआम गोलियां बरसाई गई थीं। तभी से अनुज मोहित के निशाने पर था लेकिन, कुछ समय बाद मोहित को छात्र नेता दीपक चौहान हत्याकांड में उम्रकैद की सजा हो गई थी। तभी से वह बरेली जेल में निरुद्ध है। खबर है कि अनुज चौधरी की हत्या की पूरी कहानी बरेली जेल से ही गढ़ी गई, इसके बाद उसे अंजाम तक पहुंचाया गया। अंजाम तक पहुंचाने में साथियों ने उसकी मदद की। फिलहाल, इस मामले में अभी कोई दावा करना जल्दबाजी होगी। चूंकि पुलिस भी अभी किसी मजबूत तथ्य को सार्वजनिक नहीं कर रही है। पुलिस सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि अनुज पर गोली चलाने वाले कौन लोग थे, इसके बारे में पता चल गया है। ब्लाक प्रमुख संतोष देवी के नामजद बेटे ने भी पुलिस को तमाम बातें बताई हैं। सीओ अर्पित कपूर ने बताया कि अनुज हत्याकांड में कई बिंदुओं पर अहम जानकारी मिली है लेकिन, उन्हें अभी सार्वजनिक करना जल्दबाजी होगी।

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से

रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करें

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर महाराज का 40 वा जन्मोत्सव डबरा में मनाया गया

जया अग्रवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

डबरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश- मुनिश्री ने अपने प्रवचन देते हुए भक्तों से कहा दिगंबर मुनि अपना जन्म उत्सव कभी नहीं मनाते वहां परोपकार दिवस मनाते हैं क्योंकि हमारा जन्म मुनि बनकर स्वयं का कल्याण करने के लिए हुआ है यदि इस राह में कोई हमारे साथ जुड़ जाता है तो हम सोचते हैं कि हमारे साथ-साथ इस जीव का भी कल्याण हो जाए। समारोह में जैन भजन सम्राट राजीव विजयवर्गीय ने अनेकों जैन भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों का मन मोह लिया जिसका धर्म प्रेमी बंधु ने भरपूर आनंद लिया। समारोह में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, मंत्री मुन्ना लाल गोयल भारत तिब्बत सहयोग मंच की प्रांत अध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट, मनोज जैन(जैन कॉलेज)एवं अन्य गुरु भक्त उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरुआत गणाचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज जी के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुनि श्री को पिछी कमंडल एवं सिंघासन भक्तों द्वारा भेंट किया गया। समस्त भारत से हजारों से भी अधिक की संख्या में मुनि भक्त उपस्थित हुए और और उपस्थित अतिथियों का सम्मान आरोग्यमय में वर्षा योग समिति के सदस्य विनोद जैन, अरुण जैन, नीरू जैन, महावीर जैन, महेंद्र जैन, हेमंत जैन, राजू जैन, ममता जैन, जितेंद्र जैन, बसंत जैन, दिनेश जैन, रवि जैन, लोकेश जैन, सुशीला जैन एवं अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। एवं समस्त डबरा के मंचों द्वारा मुनिश्री को अर्घ समर्पित किए गए एवं महा आरती की गई।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सुजानडीह का किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
इरफान खान

श्रावस्ती- श्रावस्ती, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने शुक्रवार को विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सुजानडीह का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली और रसोई घर में जाकर देखा तो ज्ञात हुआ कि आज मीनू के अनुसार भोजन में तहरी सोयाबीन बना था। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन अनिवार्य रूप से मुहैया कराया जाए। उन्होने कहा कि सरकार परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वस्थ्य रखने के लिए गुणवत्तायुक्त मीनू के अनुसार भोजन मुहैया कराया जा रहा है। इसलिए परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान आपस में सामंजस्य बनाकर बच्चों को प्रत्येक दशा में मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन मुहैया कराये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में किचन, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश

पत्रिका थाट पावर का शिव कुमार चौबे अध्यक्ष सामान्य वर्ग कल्याण आयोग मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा किया गया विमोचन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

भोपाल शिव कुमार चौबे अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग कैबिनेट दर्जा प्राप्त मंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा भोपाल में किया गया मासिक पत्रिका थॉट पावर का विमोचन करते समय कैप्टन राज द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय परशुराम परिषद मध्य प्रदेश एवं भारतीय मीडिया फाउंडेशन के सैनिक फोरम के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं साथ में राम सुमिरस द्विवेदी एवं भोपाल राष्ट्रीय परशुराम परिषद की संपूर्ण कार्यकारिणी मौजूद रही शिव कुमार चौबे जी ने पत्रिका समूह के संपादक प्रतीक तिवारी एवं सह संपादक दिलीप कुशवाहा एवं प्रदीप कुमार तिवारी प्रबंधक को बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मैगजीन हमारे समाज और देश हित के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी और मैगजीन निरंतर प्रगति पथ पर चलती रहेगी प्रदीप कुमार तिवारी पत्रकार के साथ साथ राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश हैं एवं भारतीय मीडिया फाउंडेशन में राष्ट्रीय पार्षद एवं राज्य चेयरमैन मध्य प्रदेश नियुक्ति है

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय सुजानडीह का किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
इरफान खान

श्रावस्ती- श्रावस्ती, धिकारी कृतिका शर्मा ने शुक्रवार को विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सुजानडीह का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन की भी जानकारी ली और रसोई घर में जाकर देखा तो ज्ञात हुआ कि आज मीनू के अनुसार भोजन में तहरी सोयाबीन बना था। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन अनिवार्य रूप से मुहैया कराया जाए। उन्होने कहा कि सरकार परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वस्थ्य रखने के लिए गुणवत्तायुक्त मीनू के अनुसार भोजन मुहैया कराया जा रहा है। इसलिए परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान आपस में सामंजस्य बनाकर बच्चों को प्रत्येक दशा में मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन मुहैया कराये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में किचन, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त करने का निर्देश ।

मेरी माटी,मेरा देश के अंतर्गत हुए कार्यक्रम में देशभक्ति कविताओं से सराबोर हुए बच्चे,खाया हलवा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।मेरा देश बदल रहा है।अब यह बात मासूम बच्चों के दिमाग में भी कौंध रहा है। जिसकी बानगी प्राथमिक विद्यालय पिपरिया रामदयाल, तुलसीपुर, लाड़पुर रिठौरा, खाता,भंडसर, बंजरिया, सावर खेड़ा,मुंडिया अहमदनगर,मनेहरा में रविवार को देखने को मिली। जहां अमूमन रोज के दिनों में भी बच्चे स्कूल जाने में आना-कानी करते नज़र आते हैं। वहीं रविवार को छुट्टी के दिन स्कूलों में भारी संख्या में बच्चों की उपस्थिति यह बताने के लिए काफी है।मेरा देश बदल रहा है।शिक्षा का स्तर बदल रहा है।देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर विशेष कार्यक्रम मेरी माटी ,मेरा देश आज हर किसी की जुबान पर है।इसका उदाहरण रविवार को स्कूलों में देखने को मिला। बच्चों ने विभिन्न देश भक्ति गीत, कहानी,और कविताओं से पूरे माहौल में देश प्रेम एवं वीर बलिदानियों के त्याग की मूर्ति साकार कर दी। प्रधानाध्यापिका हेमलता ने बच्चों को घर में विभिन्न बेकार पड़ी चीजों से कुछ नया बनाने की प्रेरणा दी।तथा बीते कल तथा गुलामी के दिनों की बातें बताते हुए आज़ादी के लिए हमारे देश के उन वीर सपूतों को याद करते -करते भावुक होकर अपने आप को संभालते हुए बच्चों को देश के प्रति सदैव जागरूक रहने की शपथ दिलाई। इस मौके पर दिलीप कुमार, साजदि,कमल कुमार, शिक्षिका मंजू पिप्पल,रीना,फरहाना, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

डभौरा नगर परिषद चुनावी रंजिश में फंसा डभौरा के अधूरा निर्माण कार्य

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

डभौरा थाने से स्टेशन तक जाने वाली मार्ग निर्माण तथा रोड निर्माण कार्य खुदाई करके छोड़ दिया गया है जिससे पब्लिक काफी परेशान है लगभग 6 महीनों से कार्य अधूरा है जिससे जगह-जगह पानी रोड में भरा हुआ है तथा कीचड़ भरा हुआ है जिससे गंभीरा, बीमारी उत्पन्न हो सकती है चुनाव नजदीक होने के कारण निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है ताकि वोट बैंक खराब ना हो सके जबकि एसडीएम को नगर परिषद डभौरा के द्वारा कई बार सूचित किया गया तथा अवैध अतिक्रमण हटाने का मांग की गई फिर भी काम नहीं हो पाया है स्वच्छता मिशन के तहत साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए क्योंकि डभौरा रोड में नाली के पटरी के अगल-बगल बहुत ज्यादा कचरा फैला हुआ है जिसकी सफाई नियमित होनी , चाहिए जिससे कि यहां के लोग बीमार ना हो आधार कार्ड बनाने की सुविधा डभौरा स्थापित की जाए ऐसी मांग क्षेत्रीय लोगों द्वारा की गई है लाइट का झूठा आश्वासन 24 घंटा लाइट मिलेगी रीवा वासियों को दिन में कम से कम 50 से 100 बार लाइट आती है जाती है इसकी व्यवस्था नियमित की जानी चाहिए नहीं तो , सत्ता पक्ष सरकार को भारी नुकसान सहन करना पड़ सकता हैं

लव विद्यापीठ एवं शिवालिक महाविद्यालय भिनगा में सेमिनार का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती- जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत **UPSC/ UPPSC/NEET/ JEE/NDA/CDS** एवं अन्य एकदिवसीय परीक्षाओं हेतु लव विद्यापीठ एवं शिवालिक महाविद्यालय भिनगा में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ0 एस0एन0 सिंह द्वारा अभ्युदय योजना के उद्देश्य, विशेषताएं एवं आवेदन प्रक्रिया एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि **UPSC/NEET/NDA/ CDS** एवं एक दिवसीय परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवेदन अभी भी हो रहे हैं, विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालय का भी संचालन किया जा चुका है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उच्च स्तरीय विशेषज्ञों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ उठाकर वे अपने मुकाम को हासिल कर सकते है और अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते है।

केंद्र में विरोधी दलों की सरकार होती तो देश का बंटवारा जरूर हो जाता - राकेश कुमार सिंह

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के लिए काम कभी नहीं करते आलोचना बहुत करते हैं इनका पूरा भविष्य राजनीतिक आलोचना में ही गया मोदी जी से तुलना करते हैं भाजपा के 1 सदस्य की बराबर वैल्यू नहीं है भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि अगर समय से देश में भाजपा की सरकार नहीं आती नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं होते तो कांग्रेस देश का बंटवारा कर देता इसमें कोई दो राय नहीं है भाजपा सरकार ने देश को बटवारा होने से बचाया है कांग्रेस का इरादा ही कुछ इसी तरह का था भाजपा किसान मोर्चा के गद्दावर नेता पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने विरोधी दलों के नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा है के विरोधी दलों के नेता मणिपुर पर घनौली राजनीति कर रहे हैं मणिपुर की घटना पर सरकार कठोर कार्रवाई कर रही है भाजपा किसान मोर्चा के नेता ने यह भी कहा है कि विरोधी दलों के नेता देश में प्रदेश में अच्छा कार्य कर रहे होते तो जनता ने सत्ता से दूर नहीं फेंक दिए होते विरोधी दलों के नेताओं ने देश को जातिवादी में ढकने का काम किया और देश का बटवारा करने का भी काम किया भाजपा किसान मोर्चा विरोधी दलों के नेताओं की मणिपुर पर घनौली राजनीति का घोर विरोध करता है इस लिए हम सबको जागरूकता लाने के लिए यह कार्यक्रम चलाने चाहिए ।इस मौके पर गिरधर गोपाल खण्डेलवाल, डॉक्टर विनय खण्डेलवाल, अशोक गोयल, राजेश गुप्ता,पवन अग्रवाल,भीम अर्जुन दास, डॉक्टर अमरेश कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

''मेरी माटी मेरा देश'' के अंतर्गत छात्रों के मध्य कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह

बरेली-कंपोजिट विद्यालय सत्तारनगर में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत छात्रों के मध्य कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्रों के देशभक्ति कविताओं एवं गीतों से विद्यालय वातावरण देशभक्ति से भर दियाद्य इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नरेंद्रनाथ के द्वारा विशेष भोजन हलवा का वितरण किया गयाद्य प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सरकार का यह कार्यक्रम अति प्रसंशनीय एवं सराहनीय हैं इससे बच्चों के साथ-साथ आम जन में भी देशभक्ति की भावना जागृत होगीद्य इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीमती कमलेश, समस्त विद्यालय स्टाफ अंकित , नीलम सागर, नीरज आदि उपस्थित रहे

वन मंत्री ने इस्कॉन मंदिर में किया पौधारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। रविवार को इस्कॉन मंदिर परिसर में वन मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार ने पौधारोपण किया।इस मौके पर बोलते हुए श्री कुमार ने कहा वर्तमान पीढ़ी के जीवन को बेहतर और सुगम रखने के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने में पेड़ों -पौधों का विशेष महत्व है।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर/विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करें
9027776991
प्रसारित क्षेत्र – उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

माफिया के गुर्गों के विरोध के बाद डीएम आवास के निकट की गई पैमाइश की खानापूर्ति

क्यूँ न लिखूँ सच
हारुन बख्श

